अमर उजाला 01/10/2025

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आरोग्य भारती के साथ मिलकर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य खाना पकाने में तेल के उपयोग को कम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रतिभागियों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सेमिनार हॉल में हुआ। इस अवसर पर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। संवाद